स्नातक पाठ्यक्रमों के परीक्षा 16 जून को होगी सम्पन्न

सामुदायिक विज्ञान विषय में अध्ययन छात्राओं के लिए विशेष अवसर : कुलपति

(आज समाचार सेवा)

बांदा, 31 मार्च। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2022 उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों की पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश की छात्राओं के लिए यह सुनहरा मौका है। मौका इसलिए है क्योंकि वह अपने क्षेत्र मे ही रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के साथ-साथ अच्छी नौकरी के अवसर भी प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही अपना व्यवसाय शुरू करने की क्षमता को भी विकसित कर सकती हैं। यूपी कैटेट की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विशेकर कला वर्ग से इंटर मीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राओं हेतु बीएससी सामुदायिक विज्ञान में प्रवेश के लिए विशेष अवसर है। इस विषय में प्रवेश के लिए गणित/विज्ञान वर्ग से इंटर मीडिएट कर रहीं एवं कर चुकी छात्रायें भी सामान्य रूप से अर्ह हैं। उन्होंने बताया कि सामुदायिक विज्ञान शिक्षा व्यक्ति, परिवार एवं समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह वैज्ञानिक एवं रचनात्मक दोनों कार्यों को शामिल करता है जो न केवल बेहतर घर एवं परिवार के लिए बल्कि शिक्षा, समाजसेवा, व्यवसाय, अनुसंधान मे कैरियर का बेहतर अवसर प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. एसके सिंह ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा का आयोजन बांदा, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। अत: प्रदेश के हर क्षेत्र के हर वर्ग के छात्र-छात्रायें जो भी उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक हैं। वे अपने ही क्षेत्र में घर के निकटतम रहकर बीएससी कृषि, बीएससी उद्यान, बीएससी वानिकी, बीएससी सामुदायिक विज्ञान की उपाधि प्राप्त कर परास्नातक व पीएचडी की डिग्री के लिए भी आगे प्रवेश ले सकते हैं। राह देखा जाता है कि बहुत सारे प्रतिभाशाली छात्र एवं विशेष रूप से छात्रायें पारिवारिक परिस्थितियों के चलते घर से दूर जाकर अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाती हैं। छात्र-छात्राओं यहां से गुणवत्ता युक्त एवं रोजगार परक शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 16 जून 2022 को परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन एक मार्च से 30 अप्रैल तक किये जा सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यार्थी परीक्षा आर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं अन्य विवरण वेबसाइड पर उपलब्ध सूचना विवरणिका को डाउनलोड कर देख सकते हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डा. सौरभ ने पाठ्यक्रम की महत्ता के बारे में बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर उनको विभिन्न विधाओं में स्वारोजगार हेतु कौशल विकास के साथ-साथ विभिन्न सरकारी एवं प्राईवेट संस्थानों, बैंकों, प्रबंधन संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों इत्यादि में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करता है। सामुदायिक विज्ञान विषय में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें स्वारोजगार प्राप्त कर सकती हैं।